**Nai Dunia (Indore) 27th February 2020, City Live, Page-17**

# बच्चों को रासायनिक घटनाओं की जानकारी देगा आईआईटी

इंदौर। इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (आईआईटी) इंदौर राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के मौके पर 28 फरवरी को शहर के करीब 70 सरकारी स्कूलों के विद्यार्थियों को कैंपस की विजिट कराएगा। संस्थान में इस दिन इंटरएक्टिव अधिवेशन होगा। इसके तहत रासायनिक भ्रम, वैज्ञानिक घटनाएं और ग्लाइडर गतिविधियां की जाएंगी। विद्यार्थियों को सूर्य देखने के लिए सौर केंद्र बनाया जएगा और क्विज कॉम्पीटिशन भी आयोजित की जाएगी। कार्यक्रम का उद्घाटन संस्थान के कार्यवाहक निदेशक प्रो. नीलेश कुमार जैन करेंगे।